उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

विज्ञप्ति/शुद्धि पत्र

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम (UTET–I)–2013

उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा – प्रथम एवं द्वितीय (UTET–I & II) – 2013 की परीक्षा आयोजन सम्बन्धी प्रथम विज्ञप्ति पत्रांक 2019/2012–13 दिनांक 25–12–2012 को प्रकाशित हुई थी। माननीय उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या 739 of 2013 (S/S) प्रकाश चन्द्र सिंह दानू बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 25–07–2013 में पारित आदेश के क्रम में उन सभी बी0एड0 योग्यताधारी अभ्यर्थी जो दिनांक 25–12–2012 में प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार उत्तराखण्ड अध्यापक पात्रता परीक्षा–प्रथम (UTET–I)–2013 परीक्षा हेतु स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत से कम प्राप्तांक होने के कारण अर्ह नहीं थे, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत से कम प्राप्तांक होने पर भी जिन बी0एड0 योग्यताधारी अभ्यर्थियों ने पूर्व में आवेदन किया है उनको पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है। वे सभी बी0एड0 योग्यताधारी अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं जो 25 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार तद्‌दिनांक तक अन्य सभी अर्हताऐं पूर्ण करते हों।

आवेदन पत्र दिनांक 25–09–2013 से दिनांक 04–10–2013 तक प्रतिदिन कार्यालय मुख्य शिक्षा अधिकारी हरिद्वार, देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी (नरेन्द्रनगर), पौड़ी, चमोली (गोपेश्वर), रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, चम्पावत, अल्मोड़ा, बागेश्वर, नैनीताल (भीमताल) रुद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) इसके अतिरिक्त खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, सुखरौं (कोटद्वार) एवं कार्यालय, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) से सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए रुपया 640=00, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए रुपया 340=00 तथा विकलांग अभ्यर्थियों के लिए रुपया 240=00 भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 08–10–2013 सायं 5.00 बजे निर्धारित है। अर्ह अभ्यर्थी बिना अंतिम तिथि का इन्तजार किये आवेदन पत्र भली–भांति पूरित कर यथा समय केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा प्रेषित कराना सुनिश्चित करें। अन्य प्रकार से प्रेषित आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

परम्परागत आवेदन पत्र व ओ0एम0आर0 आवेदन पत्र भरने से पूर्व इस विज्ञप्ति का संज्ञान लेते हुए आवेदन पत्र में विषय, परीक्षा केन्द्र एवं शैक्षिक अर्हता आदि सम्बन्धी जानकारियों के लिए विवरण पुस्तिका/विज्ञप्ति भली–भाँति अवश्य पढ़ ली जाय। विवरण पुस्तिका में **आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 15–01–2013 के स्थान पर 04–10–2013 तथा आवेदन पत्र परिषद् कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि 18–01–2013 के स्थान पर 08–10–2013 पढ़ी जाय।** आवेदन पत्र भरते समय ध्यान रखें कि भाषा प्रथम तथा भाषा द्वितीय के चयन में भाषाएं भिन्न–भिन्न होंगी। बी0एड0 योग्यताधारी स्नातक स्तर पर 45 प्रतिशत से कम प्राप्तांक वाले अभ्यर्थी अपने ओ0एम0आर0 एवं परम्परागत आवेदन पत्र के शैक्षिक/प्रशिक्षण अर्हता कोड में 02 अंकित करेंगे। माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल में योजित रिट याचिका संख्या 739 of 2013 (S/S) प्रकाश चन्द्र सिंह दानू बनाम उत्तराखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक 25–07–2013 के आदेश से भिन्न यदि अनर्ह अभ्यर्थी आवेदन करता है तो उसका आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा उसके शुल्क की धनराशि भी वापस नहीं की जायेगी। परीक्षा सम्बन्धी जानकारी के लिए परिषद् की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in का अवलोकन करते रहें।

भवदीय,
21/9/2013
(डॉ0 दयाकृष्ण मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।

पृ0सं0 :– उ0वि0शि0प0/यू0टी0ई0टी0/ 1019-22 /2013–14 दिनांक : 21/9/2013

प्रतिलिपि निम्नांकित सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में उक्त विज्ञप्ति/शुद्धिपत्र प्रकाशित कर बिल दो प्रतियों में इस कार्यालय को प्रेषित करें।

1. अमर उजाला
2. दैनिक जागरण
3. हिन्दुस्तान
4. उत्तर उजाला

21/9/2013
(डॉ0 दयाकृष्ण मथेला)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)।